महत्वपूर्ण एवं खास

जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक संपन्न

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय वनाधिकार समिति की बैठक ली। बैठक में वनाधिकार प्रमाण पत्र के लिए प्राप्त पत्रों का समिति द्वारा अनुमोदन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सदस्य कैलाश नायक एवं सभापति तुलसी विजय बसंत, वन मंडलाधिकारी गणेश यू.आर. और सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग आशीष बैनर्जी उपस्थित थे।

स्कूल बस की चपेट में आने से 4 साल की छात्रा की मौत

धमतरी (आरएनएस)। सरस्वती शिशु मंदिर सिलौटी में पढऩे वाली 4 साल की बच्ची की अपने ही स्कूल बस की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना से परिवार जनों में मानो पहाड़ सा टूट गया है। अस्पताल पुलिस चौकी से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम तर्रागोंदी थाना भखारा निवासी योगेश साहू की बेटी ख्याति साहू 4 वर्ष सिलौटी के सरस्वती शिशु मंदिर के कक्षा अरुण में पढ़ती थी। योगेश ने पुलिस को बताया कि शनिवार सुबह 7:10 बजे स्कूल बस में सवार होकर वह सिलौटी पहुंची थी। कक्षा में पहुंचने के बाद देखा की चप्पल बस में भूल गई है जिसे लेने के लिए वह बस की ओर जाने लगी। तभी बस क्रमांक सीजी 07 ई 1418 का चालक बस रिवर्स कर रहा था उसी दौरान बच्ची पिछले चक्का के चपेट में आ गई। आचार्य ने परिजनों को सूचना दी। घायल ख्याति को लेकर धमतरी मसीही अस्पताल आए जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। बताया जा रहा है कि बस का चालक धनेश साहू ग्राम चुलगहन थाना रानीतराई का निवासी है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।सवाल यह उठता है कि यदि बच्ची कक्षा तक पहुंच गई थी तो बाहर निकलते वक्त स्कूल प्रबंधन या आचार्य ने इसे क्यों नहीं देखा। यदि उस बच्ची के साथ कोई स्टाफ जाता तो शायद यह अपनी घटना नहीं हो पाती।

जंगल में मिली प्रेमी जोड़े की लाश

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिले के कोंआकोंडा थाना क्षेत्र में पेंटा के जंगल में पिछले आठ दिनों से लापता प्रेमी जोड़े की पेड़ पर लटकती लाश मिली है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के अनुसार कोंआकोंडा थाना क्षेत्र के ग्राम पालनार के पास पेंटा के जंगल में शनिवार की सुबह जंगल की ओर से बदबू आने पर ग्रामीणों ने जंगल के अंदर जाकर देखा तो एक पेड़ पर शव को लटक रहा था वही कुछ ही दूरी पर जमीन पर एक शव और पड़ा हुआ था। लाशे देखते ही ग्रामीणों में हडक़ंप मच गया और इसकी जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों की पहचान करवाई तो मृतकों की पहचान टिकनपाल निवासी हुंगा ताती (20) के रूप में हुई वहीं लडक़ी की पहचान नाबालिग के रूप में हुई है। जिसके बाद पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोटमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। बताया जा रहा है कि ग्राम टिकनपाल निवासी युवक और बालिका दोनों पूर्व परिचित है और करीब आठ दिनों से लापाता थे जिनकी तलाश परिजन लगातार कर रहे थे। पुलिस के अनुसार मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा है। फिलहाल पुलिस मर्ग कायम कर मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

मुख्यमंत्री ने मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें किया नमन

रायपुर(आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 8 अक्टूबर को कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन किया है। उन्होंने मुंशी प्रेमचंद के साहित्य में योगदान को याद करते हुए कहा कि प्रेमचंद एक संवेदनशील लेखक थे जिन्होंने सरल, सहज और आम बोल-चाल की भाषा का उपयोग किया और अपने प्रगतिशील विचारों की अमूल्य विरासत छोड़ गए। उन्होंने अपने साहित्य में ग्रामीण जनजीवन में व्याप्त विषमताओं का यथार्थ वर्णन किया। उनकी रचनाओं में सांप्रदायिकता, भ्रष्टाचार, गरीबी, उपनिवेशवाद पर कठोरता से प्रहार किया है।

मुख्यमंत्री ने छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का किया शुभारंभ

❒ दूर-दराज से आने वाले छात्र-छात्राओं को अब नहीं होगी परेशानी

❒ घर से कॉलेज आने-जाने के लिए विद्यार्थियों को निशुल्क मिलेगी परिवहन सुविधा

रायपुर (आरएनएस)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत कॉलेज में पढऩे वाले छात्र-छात्राओं को घर से कॉलेज आने-जाने के लिए नि:शुल्क परिवहन सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री द्वारा की गयी घोषणा पर अमल करते हुए आज इस योजना का शुभारंभ किया गया। इस योजना से कॉलेज और विश्वविद्यालय में पढऩे वाले एक लाख से अधिक विद्यार्थियों को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजना के शुभारंभ पर छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मैंने आप लोगों से वादा किया था कि कॉलेजों में पढऩे वाले विद्यार्थियों को घर से कॉलेज और कॉलेज से घर आने-जाने के लिए शासन की ओर से नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। उसी वादे के अनुरूप आज के इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का शुभारंभ किया जा रहा है। मैं बहुत अच्छी तरह यह समझ सकता हूं कि दूर-दराज से कॉलेज पढऩे के लिए आने-जाने में विद्यार्थियों को कितनी परेशानी का सामना करना पड़ता है। गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के विद्यार्थियों को और भी ज्यादा कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विद्यार्थियों को कॉलेज आने-जाने के लिए नि:शुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का वादा हमारे घोषणा पत्र में भी था। आज से इस सुविधा की शुरुआत की जा रही है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत शासकीय कॉलेजों और राजकीय विश्वविद्यालयों में पढऩे वाले 01 लाख से ज्यादा नियमित विद्यार्थियों को लाभ होगा। इस योजना पर लगभग 110 करोड़ रुपए का आर्थिक व्ययभार आएगा, इसमें से आधा भार राज्य शासन द्वारा वहन किया जाएगा एवं आधा व्यय बस संचालकों द्वारा छूट के तौर पर वहन किया जाएगा। पिछले पांच वर्षों के दौरान हमने प्राइमरी स्कूलों से लेकर महाविद्यालयों तक उत्कृष्ट शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार कदम उठाए हैं। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना के अंतर्गत राज्य में 753 अंग्रेजी और हिंदी माध्यम के उत्कृष्ट विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इन स्कूलों में 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को नि:शुल्क प्रवेश दिया गया है।

विद्यार्थी ऐसे उठा सकते हैं योजना का लाभ

छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना का लाभ उठाने के लिए छात्र वेबसाईट पर कॉलेज और रूट के साथ बस पास के लिए आवेदन कर सकते हैं। कॉलेज लॉग इन कर सभी विवरणों की जांच के पश्चात् आवेदन को स्वीकृत या अस्वीकार करेगा। स्वीकृत छात्र लॉग इन कर क्यूआर कोड युक्त अपना बस पास डाउनलोड कर उसका प्रिंटआउट अपने पास सुरक्षित रख सकते हैं। बस कंडेक्टर द्वारा पास की जांचकर घर से महाविद्यालय, महाविद्यालय से घर ले जाया जाएगा।

छत्तीसगढ़ युवा मितान परिवहन योजना के तहत छात्रों को घर से महाविद्यालय तक आने-जाने में सुविधा होगी। नि:शुल्क परिवहन से छात्रों को उच्चशिक्षा प्राप्त करने में आसानी होगी। यह योजना छात्रों के लिए आर्थिक रूप से भी मददगार होगी। यह योजना छात्रों के समय की बचत करेगी। यह योजना छात्रों के बीच सामाजिक समावेश को बढ़ावा देगी।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि राज्य के सभी शासकीय स्कूलों में शिक्षकों की कमी को दूर करते हुए 30 हजार से अधिक शिक्षकों की भर्ती की गई है। कॉलेजों में 1252 सहायक प्राध्यापकों, 40 ग्रंथपालों और 39 क्रीड़ा अधिकारियों की नियुक्ति की गई है। हाल ही में हमने 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए स्वामी आत्मानंद कोचिंग योजना की शुरुआत भी की है। इस योजना में विद्यार्थियों को नीट और जेईई प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए नि:शुल्क कोचिंग दी जा रही है। पिछले पांच वर्षों के दौरान राज्य में 83 नये कॉलेज खोले गए हैं। पहले से संचालित कॉलेजों में 23 हजार 500 सीटों की वृद्धि की गई है। जिला मुख्यालयों में 10 नये कन्या महाविद्यालय खोले गए हैं। राज्य में अंग्रेजी माध्यम के 10 कॉलेजों की भी शुरूआत की गई है। प्रदेश में वर्ष 2018-19 में 02 लाख 26 हजार 373 विद्यार्थी कॉलेजों में प्रवेशित थे, इसकी तुलना में वर्ष 2022-23 में 03 लाख 35 हजार 139 विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है। साथियों, हमारी सरकार ने विद्यार्थियों के लिए शिक्षा के उत्कृष्ट वातावरण के निर्माण के साथ-साथ उनके लिए अच्छा भविष्य भी सुनिश्चित किया है।

त्यौहारी सीजन में रेलवे का यात्रियों पर सितम, 19 ट्रेनें अनिश्चितकाल के लिए रद्द

बिलासपुर (आरएनएस)। त्यौहारी सीजन में रेलवे का सितम यात्रियों पर लगातार जारी है। कोरोना काल से ट्रेन निरस्त होने का चल रहा सिलसिला अभी भी नहीं थमा है। रेलवे नियम एक बार फिर से 19 यात्री ट्रेनों को अनिश्चितकाल के लिए रद्द कर दिया है। ट्रेनें निरस्त होने से आगामी त्यौहार नवरात्रि और दीपावली पर यात्रियों के सामने मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। रेल्वे नवरात्र स्पेशल ट्रेनें चलाना छोड़ जो चल रही है उसे भी निरस्त कर दे रहा है। रेल्वे ने ट्रेनें अनिश्चित काल के लिए रद्द करने का कारण जोन के विभिन्न सेक्शन में चल रहे मेंटेनेंस कार्यों को बताया है। रद्द होने वाली गाडिय़ां 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर से चलने वाली 08746 रायपुर-गेवरा रोड मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर से अगले आदेश तक गेवरा रोड से चलने वाली 08745 गेवरा रोड-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

6 अक्टूबर से अगले आदेश तक बिलासपुर एवं शहडोल चलने वाली 08740/08739 बिलासपुर-शहडोल-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर चलने वाली 08729 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

7 अक्टूबर से अगले आदेश तक डोंगरगढ़ चलने वाली 08730 डोगरगढ़-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक रायपुर एवं दुर्ग से चलने वाली 08701/08702 रायपुर-दुर्ग –रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

6 अक्टूबर से अगले आदेश तक इतवारी एवं बालाघाट चलने वाली 08714/08715 इतवारी-बालाघाट-इतवारी मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया एवं कटंगी चलने वाली 07805/07806 गोंदिया-कटंगी-गोंदिया डेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया चलने वाली 07809 गोंदिया-कटंगी पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर से अगले आदेश तक कटंगी चलने वाली 07810 कटंगी-गोंदिया पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया चलने वाली 08806 गोंदिया-वड़सा मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर से अगले आदेश तक वड़सा चलने वाली 08808 वड़सा-चान्दा फोर्ट मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

7 अक्टूबर से अगले आदेश तक चान्दा फोर्ट चलने वाली 08805 चान्दा फोर्ट-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अक्टूबर, 2023 से अगले आदेश तक रायपुर चलने वाली 08721 रायपुर-डोगरगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 6 अ क्टूबर, 2023 से अगले आदेश तक डोगरगढ़ चलने वाली 08723 डोगरगढ़-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 7 अक्टूबर से अगले आदेश तक गोंदिया चलने वाली 08724 गोंदिया-रायपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

मुंबई रेल मंडल में सातवीं लाइन को जोडऩे का होगा काम इधर, मध्य रेलवे के मुंबई मण्डल के वाडी बन्दर नया कोचिंग डिपो को तीसरी रेलवे एवं सातवी लाइन से जोडऩे का काम होगा। यह काम पांच से सात अक्टूबर तक चलेगा, जिसके कारण कुछ गाडिय़ों का परिचालन प्रभावित रहेगा।

कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने निर्वाचन बैठक व्यवस्था के लिए जनपद पंचायत सारंगढ़ का किया निरीक्षण

सारंगढ़ बिलाईगढ़। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. फरिहा आलम सिद्दीकी ने आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2023 के मद्देनजर आवश्यक कन्ट्रोल टीम के बैठक व्यवस्था के लिए जनपद पंचायत सारंगढ़ कार्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया। कलेक्टर डॉ. सिद्दीकी ने कार्यालय परिसर में स्थित सभी कक्षों का अवलोकन किया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर निष्ठा पांडेय तिवारीए एसडीएम मोनिका वर्मा, डिप्टी कलेक्टर टी.आर. महेश्वरी, नोडल अधिकारी पंचायत हरिशंकर चौहान और सीईओ सारंगढ़ संजू पटेल उपस्थित थे।

केन्द्र सरकार के 72 हजार और छत्तीसगढ़ सरकार के 48 हजार अंशदान से बनता है प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना हितग्राही का मकान

❒ सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 2016-17 से 2022-23 तक में 37 हजार 820 परिवार का बना मकान

सारंगढ़ बिलाईगढ़। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना अंतर्गत मैदानी क्षेत्रों में बेघर गरीब लोगों को पक्का घर बनवाने के लिए 1 लाख 20 हजार रूपए हितग्राही परिवार को डीबीटी माध्यम से प्रदान कर रही है। इसमें केन्द्र सरकार के 72 हजार और छत्तीसगढ़ सरकार के 48 हजार अंशदान से प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना हितग्राही का मकान बनता है।

इसमें दोनों सरकारों का अंशदान अनुपात केन्द्र 60 प्रतिशत और छत्तीसगढ़ राज्य का 40 प्रतिशत राशि शामिल है। इसमें अनुपात 60रू 40 होता है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले अंतर्गत 2016-17 से 2022-23 तक में बरमकेला ब्लॉक में 13 हजार 554 लक्ष्य था, जिसमें 10 हजार 710 आवास पूर्ण हो गया है।

बिलाईगढ़ ब्लॉक में 14 हजार 297 आवास लक्ष्य था, जिसमें 10 हजार 848 आवास पूर्ण हो चुका है। इसी प्रकार सारंगढ़ ब्लॉक में 19 हजार 945 आवास लक्ष्य थाए जिसमें 16 हजार 262 आवास पूर्ण हो चुका है। इस प्रकार कुल लक्ष्य आवास 47 हजार 796 था, जिसमें 37 हजार 820 आवास-मकान पूर्ण हो चुका है।

छत्तीसगढ़ में 800 एकड़ से अधिक रकबा में लेमनग्रास की हो रही खेती

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में किसानों ने लेमनग्रास की खेती की विधि सीख ली है। इन्हें औषधि पादप बोर्ड द्वारा नि:शुल्क औषधीय पौधे एवं मार्गदर्शन मिला है। इसके परिणाम स्वरूप वर्तमान में छत्तीसगढ़ के 800 एकड़ से भी अधिक क्षेत्र में लेमनग्रास की खेती की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर की मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड की पहल से किसान इसकी खेती के लिए प्रोत्साहित हो रहे हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब किसानों द्वारा सकारात्मक रूप से लेमनग्रास को अपनाया जा रहा है। लेमनग्रास की खेती से धान की फसल की अपेक्षा अधिक लाभ संभावित है।

इस तारतम्य में मुख्य कार्यपालन अधिकारी छत्तीसगढ़ आदिवासी, स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड श्री जे. ए. सी. एस. राव ने जानकारी दी कि लेमनग्रास एक औषधीय एवं सुगंधित पौधा है, लेमनग्रास तेल का कई प्रकार के सौंदर्य प्रसाधन सामग्री तथा अन्य उत्पाद में उपयोग में आता है। पूरे विश्व में भारत लेमनग्रास तेल का शीर्ष निर्यातक है। लेमनग्रास बहुवर्षीय फसल है।

छत्तीसगढ़ में धान की खेती तथा इसान बाली जगहों पर दलहन तथा अन्य फसलों की खेती पारंपरिक तरीके से की जाती है, जिससे किसानों को पर्याप्त आमदनी नहीं हो पाती है। छत्तीसगढ़ की जलवायु लेमनग्रास की खेती हेतु बहुत उपयुक्त है। इसकी खेती खाली पड़त भूमि पर की जाती है। लेमनग्रास की खेती कई प्रकार की भूमि पर की जा सकती है, जिसमें सिंचाई हेतु पानी की आवश्यकता कम होती है। इसको एक बार रोपण करने उपरांत बार-बार रोपण की आवश्यकता नही होती। चूंकि इसकी कटाई हर बाई से तीन माह में की जाती है, जिससे किसानों को आय का स्त्रोत बना रहता है।

राज्य में लेमनग्रास उत्पादन से धान की अपेक्षा किसानों की आय में कई गुना वृद्धि की संभावना है। छत्तीसगढ़ में लेमनग्रास की खेती के लिए औषधीय पादप बोर्ड (छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड) के प्रयास से छत्तीसगढ़ राज्य के महासमुंद पेण्ड्रा, कोरिया कोरबा, बिलासपुर तथा बलरामपुर जिलों के 66 ग्रामों के 653 किसानों के लगभग 800 एकड़ में लेमनग्रास की खेती की जा रही है, जिससे प्रति एकड़ 80000 से एक लाख रूपए आय की प्राप्ति किसानों को होगी।

पशुधन विकास विभाग द्वारा कुक्कुट पालन इकाईयों की स्थापना के लिए दिया जाएगा 25 से 40 प्रतिशत तक पूंजी निवेश अनुदान

❒ छत्तीसगढ़ कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना शुरू

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ राज्य में कुक्कुट पालन को प्रोत्साहित करने छत्तीसगढ़ कुक्कुट पालन प्रोत्साहन योजना प्रारंभ की गई है। पशुधन विकास विभाग द्वारा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा 15 अगस्त 2023 को इस नवीन योजना को शुरू करने की घोषणा के परिपालन में 1 करोड़ रूपए आकस्मिकता निधि से अग्रिम स्वीकृति दी गई है। योजना के अंतर्गत कुक्कुट पालन शुरू करने वाले उद्यमियों को स्ववित्तीय अथवा बैंक ऋण से व्यवसायिक इकाई स्थापित पर 5 वर्ष के लिए स्थायी पूंजी निवेश अनुदान प्रदान किया जाएगा।

पशुधन विकास विभाग से मिली जानकारी के अनुसार राज्य में रोजगार और स्वरोजगार के नए अवसर प्रदान करने के लिए शुरू की गई इस योजना में विकसित और विकासशील विकासखण्डों में कुक्कुट पालन इकाईयों की स्थापना के लिए 25 से 40 प्रतिशत तक पूंजी निवेश अनुदान दिया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि ब्रायलर, देशी कुक्कुट और रंगीन कुक्कुट इकाईयों की स्थापना के लिए अ श्रेणी क्षेत्र में सामान्य श्रेणी के हितग्राही को 25 प्रतिशत तथा अनूसुचित जाति एवं अनूसुचित जनजाति और ईडब्लूएस के हितग्राही हेतु स्थायी पूंजी निवेश पर 30 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह ब श्रेणी क्षेत्र के सामान्य हितग्राही को 35 प्रतिशत और अनूसुचित जाति एवं अनूसुचित जनजाति और ईडब्लूएस के हितग्राही हेतु स्थायी पूंजी निवेश पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इसी प्रकार कुक्कुट लेयर और पेरेंट कुक्कुट इकाई के लिए अ श्रेणी क्षेत्र में सामान्य श्रेणी के हितग्राही को 25 प्रतिशत तथा अनूसुचित जाति एवं अनूसुचित जनजाति और ईडब्लूएस के हितग्राही हेतु स्थायी पूंजी निवेश पर 30 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा। इसी तरह ब श्रेणी क्षेत्र के सामान्य हितग्राही को 35 प्रतिशत और अनूसुचित जाति एवं अनूसुचित जनजाति और ईडब्लूएस के हितग्राही हेतु स्थायी पूंजी निवेश पर 40 प्रतिशत का अनुदान दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ के युवा अभ्यर्थियों के पक्ष में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. सिंह ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

❒ सीजीपीएससी में हुए भाई भतीजावाद और भ्रष्टाचार की सीबीआई जांच करवाने का किया आग्रह

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने सीजीपीएससी घोटाले की सीबीआई जांच करवाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया है, संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि छत्तीसगढ़ की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा लोक सेवा आयोग (ष्टत्रक्कस्ष्ट) में प्रतिवर्ष क़रीब डेढ़ लाख युवा प्रतिभागी शामिल होते हैं, इस परीक्षा में प्रदेश के प्रमुख पदों पर भर्ती की जाती है जिसमें अधिकांश मध्यम वर्गीय परिवारों के अभ्यर्थी भाग लेते हैं। इस परीक्षा के इतिहास में पहली बार छत्तीसगढ़ में पारदर्शिता को समाप्त कर एक बड़े घोटाले से भाई-भतिजावाद शामिल किया गया है, जिससे प्रदेश के युवाओं में भारी निराशा और आक्रोश है।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2021 के परिणाम में शीर्ष 18 नाम, कांग्रेस नेताओं, सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष तथा बड़े अधिकारियों के बच्चों और रिश्तेदारों के हैं तथा उच्च पदों पर उनका चयन हुआ है।

इसके विरुद्ध युवाओं में निराशा और आक्रोश को देखते हुए पूर्व गृह मंत्री एवं वर्तमान में रामपुर विधायक ननकीराम कंवर जी ने माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दायर की जिसे स्वीकार करते हुए माननीय उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को फटकार लगायी और चयनित कुल 18 अभ्यर्थियों की नियुक्ति पर रोक लगाने को कहा, चूंकि उनमें से 5 की नियुक्ति हो चुकी थी अत: वर्तमान में कुल 13 की नियुक्ति पर रोक लगी है।

इसके साथ ही छत्तीसगढ़ लोक सेवा द्वारा आयोजित राज्य सेवा परीक्षा 2022 के मुख्य परीक्षा के मूल्यांकन तथा साक्षात्कार में भी की गई धांधली उजागर हुई है जिसमें किसी अभ्यर्थी को बिना उत्तर लिखे अंक देना, किसी को कम अंक आने पर भी चयनित तथा किसी को अधिक अंक आने पर भी बाहर करना आदि शामिल है।

प्रदेश के युवाओं को राज्य सरकार की जाँच पर भरोसा नहीं है और उनका आरोप है कि राज्य सरकार के संरक्षण में पैसे लेकर सत्ता पक्ष के नेताओं, बड़े अधिकारीयों तथा सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष के बच्चों और रिश्तेदारों का चयन किया गया है, युवाओं का राज्य सरकार पर विश्वास न होने का एक प्रमुख कारण यह भी है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने यह झूठ कहकर इसकी जाँच नहीं करवाई कि युवाओं ने इसकी शिकायत नहीं की है जबकि प्रदेश के युवाओं ने इसकी लिखित शिकायत माननीय मुख्यमंत्री जी से की थी जिसकी प्रति संलग्न है तथा आन्दोलन भी किया था।

इसके अलावा लोक सेवा आयोग द्वारा दिनांक 19/03/2021 को अधिसूचना क्रमांक 2268/पेड/2014/ जारी कर प्रारंभिक परीक्षा में दावा आपत्ति के पश्चात दिए जाने वाले मॉडल आंसर के नियमों में संशोधन(56.13) किया गया जिससे पारदर्शिता में कमी आयी है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी साकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियां की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिछड़े पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU